
# साधना व आराधना के साथ शारदीय नवरात्र महोत्सव घट स्थापना से शुरू



जसोल धाम में पंच दशनाम जूना अखाड़ा अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दूधेश्वर महादेव मंदिर गाजियाबाद महंत नारायण गिरी महाराज के सानिध्य में सर्व समाज की कन्याओं का पूजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत



माता राणी भटियाणीसा का रावल किशन सिंह जसोल सहित भक्तों ने विधिपूर्वक पूजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (नि.सं.)। श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान जसोल धाम में शारदीय नवरात्र पर्व घट स्थापना के साथ शुरू हुआ।


नवरात्र पर्व में आदि शक्ति की साधना, आराधना, उपासना और महाप्रसाद का विशेष महत्व रहता है। नवरात्रा पर्व के प्रथम दिवस मां शैलपुत्री की पूजा विधिवत रूप से की गई। पंच दशनाम जूना अखाड़ा अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता एवम् संत महामंडल अध्यक्ष दिल्ली (एनसीआर) तथा दूधेश्वर महादेव मंदिर (गाजियाबाद) महंत नारायण गिरी महाराज के सानिध्य में आचार्य तोयराज उपाध्याय सहित विद्वान पंडितों के श्रीमुख से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल द्वारा जसोल मां के अनन्य भक्तों की संपूर्ण मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए विधिपूर्वक पूजन किया गया। इसके पश्चात हवन में आहुतियां दी गईं।

इस धार्मिक अनुष्ठान में भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मां के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था व्यक्त की। हवन पूजन से पूर्व जसोल सर्व समाज की कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें अन्न प्रसादम करवाया गया। कन्या पूजन को नवरात्र पर्व के दौरान विशेष महत्व दिया जाता है, जिसमें कन्याओं को मां दुर्गा का रूप मानकर पूजा जाता है। मंदिर परिसर में भक्तों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं, ताकि वे इस पवित्र अवसर पर मां दुर्गा की आराधना कर सकें और उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। शारदीय नवरात्र महोत्सव के प्रथम दिवस की पूजा और हवन के साथ ही पूरे जसोलधाम में भक्तिमय वातावरण का संचार हुआ।

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिन्होंने मां शैलपुत्री, श्री राणीसा भटियाणीसा सहित मंदिर परिसर स्थित समस्त मंदिरों के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की मंगल कामना की। नवरात्र के इस पवित्र पर्व के दौरान नौ दिनों तक जसोलधाम में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तों को आदि शक्ति की महिमा और उनकी कृपा का अनुभव करने का अवसर मिलेगा।



जालोर के पास सुंधा माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने सुंधा माता की पूजा अर्चना की। फोटो-राष्ट्रदूत



सायला उपखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र के मंदिरों व घरों में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की। फोटो-राष्ट्रदूत

## नवरात्र महोत्सव से बाजार में रौनक

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले में शारदीय नवरात्र महोत्सव को लेकर भक्तो ने घट स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। नौ दिन तक गरबा महोत्सव की धूम मची रहेगी।

गुरूवार को शुभ मुहूर्त में भक्तो ने मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा अर्चना की। जालोर शहर के विभिन्न मोहल्लों में भी घट स्थापना कर गरबा महोत्सव का आगाज किया गया। नवरात्र महोत्सव को लेकर दिनभर बाजारों में रौनक नजर आई। वही भक्तो ने मॉ दुर्गा की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। नौ दिन तक व्रत आदि रखकर भक्त मॉ दुर्गा की भक्ति में लीन रहेंगे।

गरबा पांडालो में शाम ढलते ही गुजराती व राजस्थानी गुजराती गरबा की धुन पर माता के भक्त भक्ति में मनमस्त होकर गरबा नृत्य करते नजर आयेंगे। शाम को गरबा पांडालो में मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ गरबा नृत्य का शुभारम्भ हुआ।

जालोर के निकट भीनमाल स्थित सुंधा माता मंदिर में मेला जैसा माहौल नजर आया। भक्तों ने सुंधा माता के समक्ष शीश नवाकर अपनी आस्था प्रकट की। जिलेभर में शारदीय नवरात्रा महोत्सव को लेकर उत्साह, उमंग व उल्लास देखेने को मिल रहा है।

## शक्ति मंदिरों में अनुष्ठान हुए

**सायला**, (निसं)। सायला उपखंड मुख्यालय सहित क्षेत्रभर में गुरुवार को शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन शक्ति मंदिरों में शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर घट स्थापना की गई।

इस मौके पर सायला के अम्बे माता मंदिर, कात्यायनी माता मंदिर, भटियाणी माता मंदिर, वालेरा के सुभद्रा माता मंदिर, बावतरा के कैवाय माता मंदिर, चौराऊ के खणेशी माता मंदिर, ओटवाला के बाणमाता मंदिर, वीराना के सुंधा माता मंदिर, आलासन के चामुंडा माता मंदिर में माताजी का विशेष श्रृंगार कर शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर घट स्थापना की गई। इसी प्रकार रेवतडा के बावडी धाम स्थित राजपुरोहित जागरवाल गोत्र की कुलदेवी मां ज्वाला देवी मंदिर में अनुष्ठान हुए। घरों में भी श्रद्धालुओं द्वारा घट स्थापना कर खुशहाली की कामना की गई।

# मंदिरों में आकर्षक सजावट

**पाली**, (नि.सं.)। आज से शारदीय नवरात्रि की स्थापना पर घर-घर घट स्थापना की गई। देवी मंदिरों में भी घट स्थापना के कार्यक्रम हुए। माता की प्रतिमा का विशेष श्रंगार किया गया और पूजा अर्चना कर घट स्थापना की।

गरबा महोत्सव के लिए पंडाल सज कर तैयार हो गए हैं, और मिट्टी की देवी प्रतिमा ढोल धमा को के साथ लाकर विराजमान किए गए, जहां पर शुक्रवार से डांडिया की खनक शुरू होगी।

पाली शहर के मानपुरा भाकरी, पुनागर भाकरी, केशव नगर स्थित भैसागर माता मंदिर, लोडिया पाल स्थित करणी माता, जिले के गोदावास, विजयनाडी, नाडोल आशापुर माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में गुरुवार को नवरात्रा को लेकर श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें दिखने को मिली।

माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। भक्तों ने परिवार की खुशहाली की कामना की। पूरे नवरात्रि मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

शहरवासियों ने शुभ मुहूत में की खरीदारी नवरात्रा के पहले दिन गुरुवार को शहरवासी शुभ मुहूर्त में बाजार में खरीददारी करते नजर आए। किसी ने अपने लिए एलईडी, तो किसी ने नया फ्रीज खरीदा। टू व्हीलर और फोर व्हीलर वाहन भी खूब बिके। जिनमें इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल रहे। नवरात्रा के पहले दिन अच्छी खरीदारी होने से शोरूम संचालक भी खुश नजर आए।

पंडित चैतन्य श्रीमाली ने जानकारी देत हुए बताया कि इस बार 9 की बजाय 10 दिन की शारदीय नवरात्रि होगीं। क्योंकि नवरात्रि की एक तिथि में वृद्धि होने के कारण शारदीय नवरात्रि 3 से 12 अक्टूबर तक होगी।

सबसे खास बात यह है कि नवमी की पूजा और विजयादशमी का पर्व भी एक ही दिन मनाया जाएगा।

## मां शक्ति की कई प्रतिमा स्थापित

**बाप**, (निसं)। शुभ मुहुर्त में घर घर मे घट स्थापना कर मां शक्ति की पूजा की गई। नौ दिन तक रात में गरबा नृत्य क धूम व डांडिया नृत्य की खनक गूंजेगी। श्रद्धालुओ ने व्रत भी रखा।

बाप कस्बे में लक्ष्मीनाराण मंदिर के आगे नव युवक मंडल द्वारा मां शक्ति की प्रतिमा स्थापित की गई। यंहा पर सुबह शाम आरती व रात में गरबा नृत्य होगा। मां शक्ति की प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ स्थापित करने की जगह पर लाया गया।

प्रेम पालीवाल, कन्हैयालाल पालीवाल, जगदीश शर्मा, देवकिशन शर्मा, गोपाल सुथार, धर्मेंद्र शर्मा, कमल शर्मा, एडवोकेट नवीन शर्मा आदि लोग मौजूद थे। इसी प्रकार गणेश चौक में मां शक्ति की मूर्ति स्थापित की ।

मालियों का बास में भी देवी मंदिर में विशेष पूजन होगा। धोलिया गांव में भी पुराना आईनाथ माता मंदिर में पंडित चैनसुख जाजडा के सानिध्य में घट स्थापना व अखंड ज्योत की गई।

पंडित जाजडा ने बताया कि इस मंदिर में पिछले तीस सालों से अखंड ज्योत जल रही है। इस दौरान नखत सिंह, पुजराज सिंह, अपरबल सिंह, मालदेव जेठु सिंह, मृगेंद्र सिंह आदि कई भक्तगण मौजूद थे।

टेपू पंचायत के भनाणी बास मे भी आईनाथ माता मन्दिर में पूजन किया गया। भोपाजी अभय सिंह भाटी व सेवग हिम्मत सिंह भाटी, पूर्व उप सरपंच भंवर सिंह भाटी , मूल सिंह, दुर्जन सिंह, अर्जुन सिंह, चतुर सिंह, गुमान सिंह तथा इंद्रसिंह मौजूद रहे।

# गजसिंह ने परंपरानुसार मां चामुंडा का पूजन किया



पूर्व महाराजा गज सिंह ने चामुंडा माता मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

**जोधपुर**, (का.सं.)। मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के महाप्रबंधक जगत सिंह राठौड़ ने बताया कि सतवर्ती पाठ का संकल्प और स्थापना के मुहूर्त अनुसार सुबह पूर्व महाराजा गजसिंह ने मेहरानगढ़ दुर्ग पहुंचकर मां चामुंडा मंदिर में पूजा अर्चना कर मारवाड़ वासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

गज सिंह चुनरी का साफा पहने हुए व हाथ में तलवार लिए परंपरा अनुसार पूजा में बैठे थे। मंदिर में पंडित ललित कुमार त्रिवेदी ने पूजा अर्चना करवायी व पंडित अश्विनी कुमार त्रिवेदी व घनश्याम कुमार त्रिवेदी भी पूजा करवाने में साथ थे। गज सिंह पूजा के बाद मंदिर परिसर में बैठकर लगातार श्रद्धालुओं का अभिवादन भी स्वीकार कर रहे थे।

प्रात: श्री घनश्याम त्रिवेदी ने ब्रह्म मुहूर्त्त में माँ चामुण्डा, माँ कालकाजी, माँ सरस्वती एवं बच्छराजजी की मूर्तियों को पवित्र जल से स्नान करावाया और लाल रंग की कोर तुर्रियाँ लगी पोशाक धारण करवायी एवं प्रात: काल में मंदिर के शिखर पर मुख्य ध्वजा चढ़ाई गई और चारों दिशाओं में छोटी ध्वजाएं चढ़ाई गई।

उन्होंने बताया कि बसन्त सागर के पास में नौ वेदपाठी ब्राह्मणो ने गुरूवार को नवरात्रा स्थापना के साथ ही दुर्गापाठ का वाचन प्रारम्भ किया जो 11 अक्टूबर तक रोजाना होगा।

# सेंट्रल जेल में अपराधी सुधार दिवस मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार की तरफ से मनाए जा रहे समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत आज अपराधी सुधार दिवस मनाया गया। अपराधी सुधार दिवस का आयोजन केंद्रीय कारागृह जोधपुर के सभागार में किया गया।

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ. धनपत गुर्जर, जिला बाल कल्याण समिति जोधपुर के अध्यक्ष विक्रम चेतन सरगरा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता संयुक्त निदेशक मनमीत कौर, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी रमेश चन्द्र पंवार, प्रशासनिक अधिकारी जानकी दास चौहान, महावीर कांकरिया, अधिवक्ता विजय शर्मा, माधो सिंह, योगेश लोहिया, मनोहर लाल मेघवाल, सुशील चौधरी, प्रवीण भाटी, करणाराम, जेलर हडमत सिंह, कविता बिश्नोई जेलर, मुख्य जेल प्रहरी मुकेश कुमार मौजूद रहे।

**पाली संवाददाता के अनुसार :** जिला कारागृह पाली में कार्यक्रम में सर्वप्रथम महात्मा गांधी की प्रतिमा को माल्यार्पण किया गया। कानाराम पांरगी ने बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित करने योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

## उधारी मांगने पर मारपीट की

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के निकटवर्ती सालोड़ी गांव में एक महिला दुकानदार के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। महिला ने आरोपियों से अपनी पहले की उधारी मांगी तो उन लोगों ने दुकान में घुस कर महिला और उसके पुत्र से मारपीट कर दी।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि भीलों की ढाणी सालोड़ी निवासी ओमप्रकाश पुत्र खीयाराम भील ने पुलिस को बताया कि गांव में उसकी परचूनी सामान की दुकान है। जहां पर तेजाराम और उसके पांच सात साथी सामान लेने आए। इन लोगों से पहले की उधारी के रूपए मांगे गए तो मारपीट करने लगे। दुकान में बैठी उसकी मां से भी अभद्र व्यवहार किया।

# पीर शांतिनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर भजन संध्या आयोजित

**जालोर**, (कासं)। पीर शांतिनाथ महाराज की बारहवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में जालंधरनाथ महादेव मंदिर जालोर दुर्ग पर भजन संध्या व भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ।

भैंरुनाथ अखाड़े के पीर गंगानाथ महाराज के तत्वावधान में समस्त जालोरवासी सिरे मंदिर सावनमास भक्तों द्वारा भजन संध्या रखी गई। सिरे मंदिर के शेरनाथ महाराज के सानिध्य में बुधवार शाम को भोजन प्रसादी के बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ।

सावनमास के शिव भक्तों द्वारा जालोर दुर्ग स्तिथ जालंधरनाथ महादेव मंदिर माँ आशापुरा, का पुष्प मालाओं से मंदिर का श्रृंगार किया गया। नाथजी महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना से भजन संध्या की शुरुआत

स्थानीय भजन गायक कलाकार रमेश लुहार , राजू वैष्णव द्वारा नाथजी महाराज की भजनों की प्रस्तुति दी गई अन्य बाल कलाकरों द्वारा भी नाथजी महाराज के भजन गाकर प्रस्तुति दी ,वले वले करूँ विनती जागो जालंधरनाथ, दिल में गुरु के नाम की ज्योति जगा के देख आयेंगे मेरे नाथजी ,दिल से पुकार के देख बाला भोलेनाथ ने गाया , सिरे मंदिर रो धाम सौवनों, युवाओ की टोली ने देर रात्रि तक भजन संध्या का आनंद लिया भजन संध्या में सानिध्य आईजी पीर मोहननाथ महाराज, सोमपूरी धुनियामठ ,योगी शेरनाथ महाराज, योगी निरंजन नाथ, भोलेगिरी लुधियाना पंजाब, जालोर किले के पुजारी चण्डीनाथ महाराज आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### बड़े भोजन नली के लिपोमा का उपचार

**जोधपुर**, (का.सं.)। एम्स जोधपुर के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने राजस्थान में पहली बार एक बड़े भोजन नली के लिपोमा का एंडोस्कोपिक रूप से सफल उपचार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रक्रिया, जिसे सबम्यूकोसल टनेलिंग एंडोस्कोपिक रिसेक्शन कहा जाता है, पारंपरिक सर्जरी का एक न्यूनतम आक्रामक विकल्प है। यह प्रक्रिया 65 वर्षीय महिला पर की गई, जो पिछले दो वर्षों से ठोस भोजन निगलने में कठिनाई (डिस्फेगिया) से पीड़ित थीं।जांच में पाया गया कि मरीज के भोजन नली में लगभग 9 सेमी का लिपोमा था, जो भोजन निगलने में बाधा डाल रहा था। आमतौर पर, ऐसी स्थिति में जटिल थोराकोस्कोपिक सर्जरी की आवश्यकता होती है, जिसमें छाती को खोलकर भोजन नली तक पहुंचा जाता है। हालांकि, एम्स जोधपुर की कुशल टीम ने इस गांठ को एंडोस्कोपिक रूप से हटाने में सफलता प्राप्त की, जिससे मरीज को बड़ी सर्जरी से बचाया जा सका। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशीष अठावाल और डॉ. छगन लाल बिरदा ने बताया, "हमने सबम्यूकोसल टनेलिंग एंडोस्कोपिक रिसेक्शन करके एक बड़ी सर्जरी से बचाते हुए मरीज को कम आक्रामक और कम जोखिम वाली प्रक्रिया प्रदान की। यह राजस्थान में अपनी तरह की पहली प्रक्रिया है और यह हमारे केंद्र की जटिल एंडोस्कोपिक सर्जिकल प्रक्रियाओं को अंजाम देने की क्षमता को दर्शाता है। यह सफल प्रक्रिया एम्स जोधपुर की अत्याधुनिक उपचार विधियों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जानकारी के अनुसार राज्य के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में से एक होने के नाते, एम्स जोधपुर गैस्ट्रोएंटरोलॉजी क्षेत्र में अत्यधिक उन्नत, न्यूनतम आक्रामक एंडोस्कोपिक सर्जिकल तकनीकों के माध्यम से मरीजों को उच्चतम स्तर की स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है। राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों के मरीज अब यहां विश्व स्तरीय उपचार प्राप्त कर सकते हैं।

### हॉकी टीम चयन में धांधली का आरोप

**जोधपुर**, (कासं)। कोटा में शुक्रवार से आयोजित होने वाली 68वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के एक दिन पहले ही जोधपुर ग्रामीण टीम में चयन प्रकिया को लेकर आरोप सामने आया। दरअसल कोटा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 17 वर्षीय छात्रा टीम को भावी स्थित कस्तूरबा गांधी स्कूल में तीन दिवसीय परीक्षण दिया जा रहा था। जहां से बीती रात 18 खिलाड़ियों को गुपचुप तरीके से कोटा के लिए भेज दिया। जिसकी जानकारी प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे खिलाड़ियों व उनके परिजनों को मिलने पर गुरुवार सुबह हंगामा खड़ा हो गया। प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही छात्रा खिलाड़ियों व उनके परिजनों ने चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले कमेटी सदस्यों पर अपने चहेते व रिश्तेदार को गलत तरीके से जोधपुर ग्रामीण टीम के लिए चयन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजने का आरोप लगाया है। साथ ही बिलाड़ा उपखंड अधिकारी व जोधपुर को शिकायत भी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिजनों का कहना है कि शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 18 सदस्यों को ही प्रशिक्षण दे कर आगे भेजना होता है, परन्तु यहां आयोजक कर्ता के साथ मिलीभगत कर चयन कमेटी सदस्यों ने अपने चहेते खिलाड़ियों को गुपचुप तरीके से कोटा भेज दिया। जब कि गलत तरीके से भेजे गए खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कोई प्रदर्शन नहीं था ओर न ही उन्होंने तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया था।

### नगर निगम का मेडिटेशन शिविर शुरू

**जोधपुर**, (कासं) । नगर निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानसिक तनाव से मुक्त करने और बेहतर स्वास्थ्य के उद्देश्य को लेकर नगर निगम की ओर से अक्षरधाम में गुरुवार से तीन दिवसीय ध्यान एवं मेडिटेशन शिविर का शुभारंभ हुआ। महापौर उत्तर कुन्ती परिहार और आयुक्त दक्षिण टी शुभ मंगला ने औपचारिक रूप से इस शिविर की शुरुआत की। शिविर में हार्टफूलनेस संस्थान के प्रशिक्षक दीपक कलवाणी, विजेश एवं पूनम ने ध्यान और मेडिटेशन के बारे में जानकारी दी और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेडिटेशन भी करवाया। महापौर उत्तर कुन्ती परिहार ने बताया कि आज के समय में जिस तरह की दिनचर्या है उससे निश्चित रूप से आदमी विभिन्न व्याधियों से ठासित हो जाता है। नगर निगम की ओर से निगम कार्मिकों को तनाव मुक्त करने के लिए मेडिटेशन शिविर का आयोजन करना सराहनीय प्रयास है और अधिक से अधिक अधिकारियों कर्मचारियों को इसका लाभ उठाना चाहिए। आयुक्त दक्षिण टी शुभ मंगला ने बताया कि आज आदमी की दिनचर्या काफी व्यस्त रहती है और काम का भी बोझ रहता है। इस कारण व्यक्ति तनाव, बेचैनी और चिंता का अनुभव करता है, जिससे उसके कार्य करने की क्षमता प्रभावित होती है और शरीर पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। मेडिटेशन एक ऐसा माध्यम है जिससे शरीर को शांति और सुकून मिलता है और व्यक्ति में एक नई चेतना का संचार होता है। इसलिए नगर निगम की ओर से यह तीन दिवसीय मेडिटेशन शिविर लगाया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त अल्का बुरड़क, उपायुक्त पुष्पा कंवर सिसोदिया सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह

**जोधपुर**, (का.सं.)। केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान जोधपुर में हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन आज किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रभारी निदेशक डॉ. सुमन्त व्यास ने कहा कि संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन में सराहनीय प्रगति हुई है । उन्होंने कहा कि नराकास के स्तर पर भी वाद-विवाद, आशुभाषण जैसी प्रतियोगितायें आयोजित की जा सकती हैं । कार्यक्रम की शुरूआत परिषद गीत से की गयी। डॉ. श्रवण कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, जय नारायण विश्वविद्यालय, जोधपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । उन्होंने कहा कि हिन्दी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा है तथा विश्व की सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा का सामर्थ्य रखती है । संस्थान के उप निदेशक (राजभाषा) नवीन कुमार यादव द्वारा स्वागत संबोधन तथा हिन्दी पखवाड़ा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित 8 प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरि.ग्रेड) सुरेश कुमार ने कहा कि हिन्दी भाषी प्रदेश के कार्मिक होने के नाते हमारा नैतिक दायित्व भी है की हम अपना अधिकाधिक कार्य हिन्दी में करें । इस अवसर पर सुनीता आर्य, लेखा नियंत्रक ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी । धन्यवाद ज्ञापन श्री नवीन कुमार यादव द्वारा दिया गया। कार्यक्रम संचालन अनिता शेखावत द्वारा किया गया।

### छात्रा सॉफ्टबाल का प्रशिक्षण संपन्न

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिले में रोहट क्षेत्र स्थित कृष्णा कॉन्वेंट उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 68 वी राज्य स्तरीय 17 वर्ष सॉफ्टबॉल छात्रा का पूर्व प्रशिक्षण शिविर आज संपन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवाराधिपति डॉ.एल.एस भाटी ने बताया की इस प्रतियोगिता पूर्व आयोजित पूर्व प्रशिक्षण शिविर में 16 छात्राओं ने भाग लिया। आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक के रूप में शारीरिक शिक्षक राम जीवन सुथार दल प्रभारी के रूप में श्रीमती अंजू गुप्ता ने सराहनीय भूमिका निभाई। इस शिविर में शारीरिक शिक्षक मनदीप सिंह भुल्लर ने भी अपने अनुभव को खिलाड़ियों के साथ सांझा किया। इस शिविर में पाली जिला सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष पारसमल सैन, सचिव वअंतरराष्ट्रीय कोच श्रीमान हेमशंकर शर्मा , अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर विमलेश पंवार ने खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की का शुभकामनाएं दी। सचिव हेम शंकर शर्मा ने कप्तान के रूप में खुशी भाटी को कैप पहनाकर प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दी। पीईईओ लक्ष्मण बेगड़ ने खेल किट का विमोचन किया।

### इन्कम टैक्स कर्मियों ने पौधे लगाए

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर में इन्कम टैक्स विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयकर अधिकारी देवीदयाल बोहरा ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया है। बोहरा ने बताया कि उसी कड़ी में आयकर विभाग ने होटल सूर्यागढ़ के सहयोग से कुलधरा रोड पर सघन पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत कर विभिन्न प्रकार के लगभग 75 पौधे लगाए। विशेष रूप से केर, कुमटिया, देसी बबूल, खेजड़ी, बोगन बेलिया के पौधे है। कार्यक्रम को सफल बनाने में होटल सूर्यागढ़ से शैतान सिंह राणावत, गिरिराज शर्मा, नीरज शर्मा, मीर मुर्तजा, राजूराम, तनसिंह व स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। इस अभियान में टैक्स बार एसोसिएसन से सी ए एम एल टावरी, सी ए जे पी व्यास, कर सलाहकार एडवोकेट कपिल खत्री, मांगीदान देथा के साथ निरीक्षक पारस प्रकाश, विक्रम सेन, योगेश ने भी पौधारोपण किया। अंत में आयकर अधिकारी देवीदयाल बोहरा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

